जे.डी.ए. में ठेकेदारों द्वारा ''पूल'' बनाकर 6.25 करोड़ रु. के टैंडर उठाने की खबर पर यू.डी.एच. मंत्री ने लिया संज्ञान

मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जे.डी.ए. आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि, इस प्रकरण में ठेकेदारों की दर संबंधी बोलियों पर एल.ओ.आई. अथवा एल.ओ.ए.सम्बन्धित कोई भी कार्यवाही बिना अनुमति नहीं करें

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) की उद्यान शाखा में ठेकेदारों द्वारा ''पूल'' बनाकर 6.25 करोड़ रु. के वन टाइम ट्री प्लांटेशन (एकबारीय पौधारोपण) के टैंडर उठाने की खबर पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गंभीरता से संज्ञान लिया है।

यू.डी.एच. मंत्री खर्रा की ओर से कहा गया है, राष्ट्रदूत दैनिक समाचार-पत्र के जयपुर संस्करण में 20 जुलाई को प्रकाशित खबर ''ठेकेदारों ने 'पूल' बनाकर जे.डी.ए. में 15 से 20 प्रतिशत अधिक रेट पर उठाए 6.25 करोड़ के टैंडर'' के आधार पर जानकारी मिली कि जे.डी.ए. द्वारा हाल ही में पौधारोपण की खुली बोली प्रक्रिया में ठेकेदारों ने पूल बनाकर टैंडर दरों को पिछले वर्ष की स्वीकृत दरों से 15 से 20 प्रतिशत अधिक प्रीमियम पर प्रस्तुत किया है। इस प्रकरण से जयपुर विकास प्राधिकरण को करोडों रुपये की वित्तीय हानि होने की



नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा

संभावना है।

मंत्री खर्रा ने राजस्थान लोक उपापनों में पारदर्शिता अधिनियम 2013 के नियम 68

- **मंत्री खर्रा ने इस प्रकरण की आर.टी.पी.पी. एक्ट के तहत जांच करके 3 दिन में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए**

(4) के तहत ठेकेदारों द्वारा कार्टेलाइजेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई इन टैंडर दरों को प्रतिस्पर्धा में कमी का उल्लंघन माना है, जो स्वीकृत नहीं किया जा सकता।

अत: मंत्री ने यह निर्देश दिया है कि संदर्भित बोलियों पर एल.ओ.आई. अथवा एल.ओ.ए.सम्बन्धित कोई भी कार्यवाही बिना अनुमति के अंतिम रूप से नहीं की जाए। इसके साथ ही इस प्रकरण की आर.टी.पी.पी. एक्ट के मुताबिक जांच करके 3 दिन में तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपी जाए। मंत्री खर्रा ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता और अपारदर्शिता को बर्दाश्त नहीं करेगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

ज्ञात रहे कि जयपुर शहर में पौधारोपण के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने पिछले दिनों करोड़ों रु. के टैंडर जारी किए थे। इनमें से 1.56 करोड़ रु. की लागत वाले एक बारीय पौधारोपण (वन टाइम ट्री प्लांटेशन) के 4 टैंडरों की वित्तीय बिड़ गत शुक्रवार को खोली गई थी। करीब 6.25 करोड़ रु. की लागत वाले इन ठेकों में 4 फर्म मैसर्स लालचंद गार्डनिंग एंटरप्राइजेज, मीना नर्सरी सेंटर, मैसर्स सुरेश जसवाल, और मैसर्स श्री नारायण नर्सरी एंड प्लांटेशन वर्क्स 15 से 20 प्रतिशत ऊंची दर पर सफल बोलीदाता रहे थे। जबकि गत वर्ष 2023 में एक बारीय पौधारोपण के 25-25 लाख रु. की लागत वाले दो टैंडर तय रेट से करीब 51.55 प्रतिशत कम दर पर यादव कंस्ट्रक्शन कंपनी ने लिए थे। इनमें पहले कार्य ही लागत 12.08 लाख रु. तथा दूसरे की 12.20 लाख रु. थी।

सूत्रों की मानें तो गत वर्ष 51.55 प्रतिशत कम रेट पर उद्यान शाखा में टैंडर होने के कारण इस बार ठेकेदारों ने आपसी सहमति से ''पूल'' बनाकर करीब 15 से 20 फीसदी ऊंची रेट पर एक-एक कार्य बांट लिया। प्रत्येक टैंडर की लागत 1.56 करोड़ रु. होने के कारण इसमें सीमित ठेकेदारों ने ही भाग लिया था।

ठेकेदारों का 'पूल' जैसे ही उजागर हुआ तो 2 दिन पहले जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने भी उद्यान शाखा के अफसरों से 6.25 करोड़ रु. के ''वन टाइम ट्री प्लांटेशन'' के टैंडर के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। अब इस प्रकरण पर स्वयं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संज्ञान लिया है।

कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर चित्र प्रदर्शनी

दक्षिण पश्चिमी कमान के चीफ़ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एच.एस. वांदरा ने केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जवाहर कला केन्द्र में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

जयपुर। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर की ओर से गुरूवार को जवाहर कला केंद्र में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कारगिल वॉर हीरोज का सम्मान समारोह व चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांदरा, सेना मेडल व चीफ़ ऑफ स्टाफ-दक्षिण पश्चिमी कमान ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांदरा तथा ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने कारगिल वॉर हीरोज तथा उनके परिजनों का सम्मान किया।

- **कार्यक्रम में कारगिल वॉर हीरोज तथा उनके परिजनों का सम्मान किया गया**

पत्र सूचना कार्यालय व केंद्रीय संचार ब्यूरो कि अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि आज के दिन हम भारत माता के उन वीर सपूतों को याद करने, नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने कारगिल युद्ध में देश कि रक्षा के लिए अपने प्राणों कि आहुति दे दी। आज कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर देश के वीर सपूतों के बलिदान और शौर्य की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचने के मकसद से इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से कारगिल युद्ध के विभिन्न पहलुओं को एक जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का प्रयत्न भी किया गया है। कार्यक्रम में कारगिल वॉर हीरोज और उनके परिजनों ने इस अवसर पर अनुभव साझा किए। शहीद अमित भारद्वाज के परिजनों ने कहा की देश के लिए हमने एक अमित खोया है लेकिन आज हजारों अमित हमारे साथ है। इस अवसर कारगिल वॉर हीरो कर्नल वीएस बालोठिया व ग्रुप कैप्टन एसएस धोलिया ने अपने भी अनुभव साझा किए। इस अवसर पर शहीद कैप्टन अमित भारद्वाज, शहीद विक्रम सिंह के परिजनों को तथा कर्नल वीएस बालोठिया को सम्मानित किया गया। एयर कोमोडोर एमएल वर्मा, ग्रुप कैप्टन आरएस राघव तथा ग्रुप कैप्टन एसएस धोलिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेना व वायु सेना के अधिकारी तथा आकाशवाणी के समाचार निदेशक नीलेश कालाभोर, दूरदर्शन समाचार की समाचार प्रमुख उपनिदेशक मंजू मीणा मौजूद थे।

यू.ई.एम. यूनिवर्सिटी में ''कॉग्निटिव व क्लॉउड कंप्यूटिंग'' पर चर्चा होगी

जयपुर (कासं)। यू.ई.एम. यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग विभाग के सानिध्य में ''कॉग्निटिव और क्लाउड कंप्यूटिंग'' विषय पर होगी। इसके लिए आगामी 1 व 2 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसमें विशेषज्ञ, शिक्षाविद और उद्योग के पेशेवर एकत्र होंगे, ताकि उन्हें कॉग्निटिव और क्लाउड कंप्यूटिंग के नवीनतम उन्नितयों की गहराई समझाई जा सके। यह दो दिवसीय आयोजन सोचने, गणने और व्यापार के संघटन, कंप्यूटेशन, और व्यवसाय के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें बिग डेटा, आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, और कोग्निटिव विज्ञानों पर ध्यान दिया जाएगा। यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर विभाग कि

- **आगामी 1 व 2 अगस्त को होगा अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन**

सहायक प्रोफेसर ज्योति खंडेलवाल ने बताया कि पहले दिन का कार्यक्रम उद्घाटन समारोह से शुरू होगा, जिसके बाद आदर्श वक्ताओं द्वारा की गई की-नोट प्रस्तुत होगी, जिनमें आईआईटी खड़गपुर से प्रो. (डॉ.) सौम्य कांति घोष, शिक्षा और शिक्षाविद-भारत-एस.ए.एस. के मुख्य शुभम चैटर्जी, टी.हब हैदराबाद से तकनीकी स्टार्टअप्स के मेंटर सुनील डेविड, बर्ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, झारखंड से प्रो. (डॉ.) चिन्मय चक्रवर्ती, सक्सेसिव टेक्नोलॉजीज के मुख्य रणनीति अधिकारी, नई दिल्ली से गौरव मलिक, और राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला, गड़ांकी, भारत से एम. दुर्गा राव शामिल होंगे। दोपहर में एक समवर्ती पेपर प्रस्तुत करने की सेशन होगी, जिसमें उच्चतम-गुणवत्ता वाले अनुसंधान और नवाचारी अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया जाएगा। सम्मलेन के दूसरे दिन और तकनीकी सत्रों के साथ जारी रहेगा, और गहरी चर्चाओं और नेटवर्किंग के और अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग और ज्ञान साझा करने में योगदान करना है, जो कॉग्निटिव और क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों के विकास में मदद करेगा।

ब्लड डोनेशन कैंप में गिफ्ट देने पर रोक

जयपुर। प्रदेश में अब ब्लड डोनेशन कैंप में हेलमेट, कंबल और किसी भी तरह के गिफ्ट नहीं बांट सकेंगे। फूड सेफ्टी और ड्रग कंट्रोल विभाग ने आदेश जारी कर प्रलोभन देने के तरीकों पर रोक लगा दी है। ऐसा करने पर ब्लड सेंटर्स के लाइसेंस भी निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

फूड सेफ्टी और ड्रग कंट्रोल विभाग ने आदेश में कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लड सेंटर और आयोजनकर्ता लोगों की संख्या बढ़ाने के लिए गिफ्ट देते हैं। इनमें हेलमेट, कंबल, कैंपर, थर्मस, ट्रैक सूट, बैग, घड़ी और अन्य सामान दिया जाता है। इसका प्रचार भी अलग-अलग माध्यम से किया जाता है, जो नियम के खिलाफ है।

आदेश में बताया गया कि नियम (122ईए (जी) के अनुसार डोनर वह होता है, जो मेडिकल फिट होने पर खुद अपनी इच्छा से ब्लड डोनेशन करता है। जो सभी मापदंडों को पूरा करता हो। रक्तदान के बदले किसी तरह का गिफ्ट और नकद रुपए नहीं लिए गए हो।

सभी ब्लड सेंटर को ये आदेश दिया गया है कि कहीं भी प्रचार-प्रसार कर ब्लड डोनेशन के बदले प्रलोभन दिया जा रहा है तो ब्लड एकत्र न करें। इसके बावजूद ऐसा हुआ तो नियम के अनुसार संबंधित ब्लड सेंटर पर कार्रवाई की

- **फूड सेफ्टी और ड्रग कंट्रोल विभाग ने आदेश जारी कर प्रलोभन देने के तरीकों पर रोक लगा दी है। ऐसा करने पर ब्लड सेंटर्स के लाइसेंस भी निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।**
- **वर्तमान में ब्ल्ड डोनर को हेलमेट समेत कई आइटम बांटे जा रहे**

जाएगी। इसके तरह लाइसेंस निरस्त भी किया जा सकता है। बता दें कि पिछले दिनों जयपुर, डेगाना, चिड़ावा समेत अनेक जगह पर ऐसे शिविर आयोजित किए गए, जहां गिफ्ट में हेलमेट दिए गए थे। इसको देखते हुए विभाग ने आदेश जारी किए हैं। गिफ्ट देना नियम के खिलाफ, इसलिए ऑर्डर जारी किया फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोलर राजस्थान जयपुर के कमिश्नर इकबाल खान ने बताया यह एक रूटीन ऑर्डर है। आए दिन इस तरीके के मामले आते रहते हैं। ब्लड डोनेशन कैंप में डोनर को प्रलोभन दिए जा रहे हैं, जो नियम के खिलाफ है।

गलता कुंड में डूबने से युवक की मौत

जयपुर। गलता गेट थाना इलाके गलता कुंड में शुक्रवार दोपहर को एक युवक की डूबने से मौत हो गई।

जानकारी में सामने आया है कि नहाते समय युवक का पैर फिसलने से वह कुंड में गिरा था और फिर उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पुलिस सहित सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

एसआई गोवर्धन सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को गलता तीर्थ स्थित कुंड पर अलवर निवासी अनिल सैनी (25) नहाने आया था। कुंड में नहाने के लिए उतरते समय पैर फिसलने से गिर गया। पानी में डूबते देखकर वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। गलता गेट थाना पुलिस के साथ ही सिविल डिफेंस टीम भी मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस टीम ने तुरंत कुंड में उतर कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

दोनों एड्रेनल ग्रंथियों का सफल ऑपरेशन

जयपुर। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में एक 21 साल के युवक की दोनों एड्रेनल ग्रंथियों का सफल ऑपरेशन किया गया है। उन पर बनी फियोक्रोमोसाइटोमा नामक ट्यूमर को बाहर निकाला गया है। इस तरह एक साथ दोनों ग्रंथियों का लैप्रोस्कोपिक से ऑपरेशन करने का ये पहला मामला है। अब तक डॉक्टरों ने केवल एक बार में एक ही एड्रेनल का ऑपरेशन करके ट्यूमर निकाला है।

एसएमएस हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी के डॉ. अमित गोयल ने बताया कि चूरू के रहने वाले 21 साल के एक युवक की एड्रेनल ग्रंथियों में ट्यूमर बन गया था। इसके कारण उसे बहुत ज्यादा ब्लड प्रेशर और सिरदर्द की समस्या रहती थी। चूरू के कई बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल में दिखाने और इलाज करवाने के बाद भी उसे बीमारी से कोई राहत नहीं मिली। एसएमएस अस्पताल के जनरल सर्जरी की ओपीडी में दिखाने के बाद जब हमारी टीम ने उसके टेस्ट करवाए तो पता चला कि युवक की दोनों एड्रेनल ग्रंथियों में फियोक्रोमोसाइटोमा ट्यूमर बन गया है। इसे अब ऑपरेशन करके ही निकाला जाएगा।

दोनों ग्रंथियों का ऑपरेशन करके ट्यूमरों को निकाला एक जटिल प्रक्रिया काम था, जिसे हमारी टीम ने किया। जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉ. नरेन्द्र शर्मा बताया कि ये ऑपरेशन लैप्रोस्कोपिक के जरिए किया। इसमें एक साइड की ग्रंथि जो ट्यूमर के कारण खराब हो चुकी थी। उसे ट्यूमर सहित निकाल दिया, जबकि दूसरी ग्रंथी दाएं तरफ का जो थोड़ा हिस्सा ठीक था, उसे बचाते हुए शेष खराब हिस्से को ट्यूमर के साथ निकाला।

नाइजीरियाई नागरिक कोकीन के साथ पकड़ा

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) और खोह नागोरियान थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ कोकीन सहित एक विदेशी नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। साथ ही उससे 12.69 ग्राम कोकीन भी जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी और खोह नागोरियान थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कोकिन के साथ विदेशी नाइजीरियाई

- **जयपुर पुलिस कमिश्नरेट और खोह नागोरियान पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की**

नागरिक ओके के एस (32) निवासी अनाम, असबा नाइजीरियाई हाल खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित नाइजीरियन के पास से 12.69 ग्राम कोकीन बरामद की है। पुलिस आरोपित विदेशी नाइजीरियाई नागरिक से अवैध मादक पदार्थ कोकीन की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

भारी मात्रा में ई-सिगरेट जब्त

जयपुर। राजधानी में सी स्कीम और विद्याधर नगर इलाके में डीआरआई की टीमों ने कारवाई करते हुए बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का जखीरा पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार डीआरआई की टीमों ने सी-स्कीम और विद्याधर नगर इलाके में 16 घंटे ऑपरेशन चलाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान मौके से 8500 ई-सिगरेट ज़ब्त की। सूत्रों के अनुसार यह सिगरेट चीन, मलेशिया व दुबई से मंगाई गई थी। यह सिगरेट भारत में प्रतिबंधित है। आरोपी ऑनलाइन बिक्री के ज़रिए फ़र्ज़ी अकांट्स में पैसा ले रहे थे। डीआरआई की टीमें आरोपी सुनील कुमार से पूछताछ करने में जुटीं हैं।

पत्नी ने पति और उसकी महिला मित्र से मारपीट की

जयपुर। चित्रकूट थाना इलाके में एक महिला ने अपने पति और उसकी महिला मित्र से मारपीट की। महिला अपने कुछ साथियों के साथ शक के चलते पति का पीछा करते हुए वहां पर पहुंची थी। पति और उसकी महिला मित्र को बाहर निकलता देखकर महिला का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पति और उसकी महिला मित्र की पिटाई कर दी। पीड़िता ने दोस्त की पत्नी और उसके साथ आए हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि चित्रकूट नगर में रहने वाली 26 वर्षीय एक युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक प्राइवेट सेक्टर में जॉब करती है। उसके साथ ही युवक भी जॉब करता है। पिछले करीब 5 सालों से एक-दूसरे को जानने के कारण दोनों में अच्छी दोस्ती है। सोमवार रात को वह युवक मिलने के लिए उसके घर आया था। रात करीब साढ़े दस बजे युवक के मोबाइल पर उसकी पत्नी का बार-बार कॉल आने लगा। पत्नी का कॉल आते देखकर युवक घर जाने के लिए निकला गया। कुछ ही देर बाद ग्राउंड फ्लोर से जोर-जोर से लड़ने-झगड़ने की आवाज सुनाई दी। नीचे जाकर देखने पर युवक की पत्नी व उसके साथ आई 4 महिला और 3 आदमी मारपीट करते दिखाई दिए। युवती ने दोस्त का मारपीट से बचाव किया तो हमलावरों ने उससे भी मारपीट की। गाली-गलौज कर बुरी तरह मारपीट कर कपड़े फाडे।

पुलिस आयुक्त ने जयसिंहपुरा खोर थाने में जनसुनवाई की

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को जयसिंहपुरा खोर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा डूडी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर प्रथम रानू शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज हरिशंकर शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त आमेर शिवरतन गोदारा सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारियों की उपस्थिति में थाने परिसर में स्कूल के बच्चों के साथ में वृक्षारोपण कर जनसुनवाई की शुरुआत की। बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी की शिकायतें आईं।

सी.एम.एच.ओ. कार्यालय की बिजली काटी

जयपुर। सेठी कॉलोनी में मिनी स्वास्थ्य भवन स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की बिजली विद्युत विभाग द्वारा अचानक काट दी गई है। विधानसभा सत्र के चालू रहने के दौरान इस कार्यवाही से कार्यालय की अति आवश्यक सेवाएं बाधित हो गई हैं। संयुक्त निदेशक जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बताया कि विधानसभा के चालू सत्र के दौरान मुख्य चिकित्सा-स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मिनी स्वास्थ्य भवन की बिजली काटने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार निवेदन के बाद भी सहायक अभियंता कृष्णकांत अग्रवाल ने कनैक्शन काटा।

जयपुर रत्न और रत्नाभूषण उद्योग की स्थिति पर चर्चा

जयपुर। जयपुर रत्न व रत्नाभूषण उद्योग की वर्तमान स्थिति पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन, जयपुर की संयुक्त कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें जयपुर जवाहरात उद्योग की परंपरागत महारत को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, उद्योग को रोजगार उन्मुख बनाने, महिला कारीगरों को प्रोत्साहन देने, कारीगरों को बेहतर प्रशिक्षण देने के साथ-साथ युवा एवं नवीन कारीगरों के लिए मंच तैयार करने का प्रयास आदि प्रस्ताव शामिल थे।

जेजेएस चेयरमैन, विमलचंद सुराणा ने कहा कि जवाहरात उद्योग को मिल रही चुनौतियों का दोनों संगठनों द्वारा मिलकर समाधान निकालना समय की मांग है। साथ ही उन्होंने जवाहरात कारीगरों के लिए रोजगार के अवसर पाने के लिए सुनहरा अवसर भी बताया।

जयपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन व जयपुर ज्वैलरी शो की कार्यकारिणी की संयुक्त सभा आयोजित हुई।

वहीं जेजेएस सचिव, राजीव जैन ने आगे कहा कि जयपुर दशकों से पन्ना (एमराल्ड) की राजधानी के रूप में विश्व में प्रसिद्ध है। अब समय आ गया है कि माणक (रूबी) के लिए विशेष प्रयास किए जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए जेजेएस की इस वर्ष की थीम भी रूबी है। ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, आलोक सौंखिया ने कहा जयपुर के कारीगरों की रत्न तराशने के हुनर से पूरा विश्व अवगत है। परंतु इस कला को तकनीकी सहयोग भी चाहिए। इसके लिए अन्य देशों की विकसित तकनीक, अनुसंधान और रिसर्च को यहां लाने की जरूरत है। निर्मल बरड़िया ने कहा कि बदलते व विश्व बाजार में मंदी के बावजूद भारतीय घरेलु बाजार में जबरदस्त संभावना है। उसे जयपुर का रत्न व रत्नाभूषण उद्योग ही पूरा कर सकता है। इसके लिए मैन्युफैक्चरिंग ढांचागत विकास जरूरी है। वहीं दिनेश खटोरिया ने एमराल्ड के प्रति बढ़ते रूझानों के चलते ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए अधिक पारदर्शिता और ट्रीटमेंट सर्टिफिकेट से प्रमाणित किया जाना चाहिए। वहीं विजय केड़िया ने चारदीवारी क्षेत्र में कारीगरों को अधिक

- **बैठक में उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी, महिला कारीगरों को प्रोत्साहन देने सहित कई प्रस्ताव पारित**

ट्रेनिंग की आवश्यकता बताई।

सचिव, नीरज लूणावत ने कारीगरों के प्रशिक्षण, बेहतर मज़दूरी, सुरक्षित भविष्य के लिए अन्य उद्योगों से जवाहरात कारीगरों को अधिक आकर्षक बताते हुए दीर्घकालीन योजना को प्रस्तुत करने का प्रस्ताव रखा। कमल कोठारी ने कहा कि एमराल्ड को हाल ही में बड़ी शादी में जबरदस्त ब्रांडिग से इस रत्न की काफी लोकप्रियता बढ़ी। जेजेएस के अजय काला ने माणक (रूबी) के ट्रीटमेंट में बैंकाक पर निर्भरता को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न लैब द्वारा समान भाषा लिखे जाने की भी महती जरूरत है।

रोहित बोहरा का हृदय परिवर्तन हो रहा है : जोगाराम

जयपुर, (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान राजाखेड़ा कॉलेज में खाली पदों से जुड़े सवाल के जवाब के बाद कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने डिप्टी सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा को धन्यवाद दिया। बोहरा ने कहा कि सवाल लगने के बाद गेस्ट फैकल्टी लग गई, सवाल लगने से बच्चों का तो भला हुआ। इसके लिए आपका धन्यवाद। साइंस के तो लगा दिए, लेकिन आर्ट्स फैकल्टी के पद भी भर दीजिए।

इस पर बैरवा ने कहा कि आरपीएएसी से भर्ती की जा रही है, वहां से भर्ती पूरी होते ही खाली पद भर दिए जाएंगे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा राजाखेड़ा विधायक का हृदय परिवर्तन हो रहा है, ये हमारी सरकार का धन्यवाद कर रहे हैं, इसलिए मेजें थपथपाना तो बनता है।

सार-समाचार

मनोज सोगानी 5वीं बार अध्यक्ष बने

जयपुर। लोकल टूरिज्म, कला-संस्कृति और टूरिज्म इंडस्ट्री में व्यावसायिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई देश की सबसे बड़ी और पुरानी ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन (टाई) ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के राजस्थान चैप्टर के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनावों में भारी अंतर के साथ जीत कर 5वीं बार मनोज सोगानी अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। टाई के 2024-2026 अध्यक्ष मनोज सोगानी स्वयं एक ट्रैवल एक्सपर्ट और ट्रैवल प्रोफेशनल हैं, जिन्हें इस व्यवसाय में क़रीब 40 साल का गहन अनुभव है और उनके इस अनुभव और कार्य कुशलता को देखते हुए कई संगठन उन्हें अपने से जोड़े रखते हैं, जिनमें विभिन्न एयरपोर्ट्स की एडवाइजरी कमेटी, एयर लाईनस कमेटी, वीज़ा कमेटियां प्रमुख रूप से शामिल है। डिपार्टमेंट ऑफ़ टूरिज्म, मिनिस्ट्री ऑफ़ इंडिया द्वारा उन्हें होटल क्लासिफिकेशन और टूरिज्म सेमिनार के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। चुनाव में दशरथ सिंह राठौड़ को सचिव और अरविंद पारिक कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। ये दोनों भी ट्रेड में एक लम्बे अनुभव के साथ अपनी अलग पहचान रखते हैं।

रैंप वॉक कर पेश किए परिधान

जयपुर। पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइन को मिलाकर उत्कृष्ट कलेक्शन का समावेश मंच पर प्रस्तुत किया। मौका था अमोरी इंडिया के वेडिंग उत्सव और ब्राइडल कलेक्शन ''कचनार'' कार्यक्रम का। इसका आयोजन शहर के होटल आईटीसी राजपुताना में किया गया, जहां शहर के जाने-माने गणमान्य और फैशनलवर्स के बीच रैंप पर इस कलेक्शन को शोकेस किया गया। अमोरी इंडिया की संस्थापक शिखा चौधरी ने बताया कि इस कलेक्शन का थीम राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित है। जिसमें खास कर बांधनी, जरदोज़ी और मारोड़ी जैसी स्थानीय हस्तशिल्प शामिल है। कार्यक्रम में शहर की कई प्रतिष्ठित महिलाओं ने कलेक्शन को रैंप पर प्रस्तुत किया, जिनमें नेहा मनीष हसानी, तनु सिंह शेखावत, मेघा लोढ़ा, सोनम सतवानी, स्वाति छाबड़ा, स्वाति कोटावाला, रुचिका गुप्ता आदि मौजूद रही।

''एलियांस हैकथॉन 24'' का आयोजन

जयपुर। एलियांस हैकाथॉन-24 एक अद्भुत 24 घंटे का कोडिंग मैराथन है, जो अंतर्राष्ट्रीय मेंटर्स द्वारा प्रॉब्लम स्टेटमेंट के आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग इन्नोवेशंस को डेडिकेटेड है। इस कार्याक्रम का आयोजन एलियाआईटी सॉल्यूशंस द्वारा 26 जुलाई को सुबह 11 बजे जयपुर के राजापार्क स्थित, एलियाआईटी सॉल्यूशंस डेवलपमेंट सेंटर में किया गया, जो 27 जुलाई को सुबह 11 बजे तक चलेगा। यह जानकारी एलियाआईटी सॉल्यूशंस की सीईओ मेघा भाटिया ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दुनिया भर के टेक इनोवेटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका समापन चार फाइनलिस्ट टीमों द्वारा प्रभावशाली प्रेसेंटेशन्स की एक श्रृंखला के साथ हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं रही उसके प्रतिभागी - विभिन्न देशों के 50 से अधिक प्रतिभाशाली अंतर्राष्ट्रीय मेंटर्स; फोकस एआई आधारित सॉल्यूशंस : 4 अमेजिंग सॉल्यूशंस प्रस्तुत हुए; रियल एस्टेट इंडस्ट्री के लिए एआई संचालित कॉस्ट एनालिसिस रिपोर्टिंग टूल; एआई मॉडल के आधार पर फ़ोटो और रिपोर्टिंग के लिए एआई सुझाव मॉडल; एआई संचालित सर्वे क्रिएशन टूल और कार रेंटल एआई सक्षम टूल। टॉप परफार्मिंग टीम को रेकग्निशन तथा गोवा और पुष्कर का हॉलिडे पैकेज बतौर पुरस्कार दिया।

'पुराने कार्मिक आरएसआर नियम से लें'

जयपुर। जयपुर मेडिकल एसोसिएशन, जार्ड और आरएमसीटीए राजमेस सहित विभिन्न चिकित्सकों ने सरकार से राजमेस के पुराने कर्मचारियों को भी आरएसआर नियमों के अंतर्गत लेने की मांग की है। जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा और सचिव डॉ. अनुराग शर्मा, आरएमसीटीए राजमेस के पदाधिकारियों वाइस प्रेसिडेंट डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. महेंद्र वर्मा, सेक्रेटरी डॉ. महेंद्र चौधरी, डॉ. गुरुशरण, जार्ड अध्यक्ष डॉ. मनोहर सियोल, सचिव डॉ. रोशन मीना के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। राजमेस चिकित्सक शिक्षकों का प्रकरण आरएमसीटीए राजमेस के द्वारा आईएमए और जार्ड के संज्ञान में लाया गया है, कि बजट घोषणा में राजस्थान सर्विस रूल्स राजमेस द्वारा एडॉप्ट किए जाने का प्रावधान किया गया। लेकिन इसकी क्रियान्विति गलत तरीके से कर राजमेस के पुराने कर्